दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 70 मुरादाबाद 03 July 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सोनेलाल पटेल की जयंती पर छिड़ा घमासान, कृष्णा, पल्लवी पटेल और ओमप्रकाश राजभर समेत कई नेता गिरफ्तार



सोनेलाल पटेल की जयंती को लेकर लखनऊ में छिड़ी रार के बीच पुलिस ने अपना दल कमेरावादी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल, पल्लवी पटेल, ओमप्रकाश राजभर, केशव देव मौर्य सहित कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। ये नेता इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने पर अड़े थे। लखनऊ में कोरोना एक बार फिर तेज गति से बढ़ने लगा है। शुक्रवार को कोरोना के 136 नए मरीज मिले। स्वस्थ होने का ग्राफ एकदम से नीचे आ गया। 24 घंटे में महज तीन मरीज स्वस्थ हुए। कोरोना संक्रमितों के आंकड़े में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बुधवार को 158 लोग संक्रमित हुए थे, जबकि 181 मरीजों ने वायरस को हराया था। इससे पहले मंगलवार को 169 लोग कोरोना की चपेट में आए थे। 171 मरीजों ने वायरस को मात देने में कामयाबी हासिल की थी। इस वक?त 944 सक्रिय मरीज हैं। उधर, मौसम ने फिर अपना रुख बदल लिया है। मानसून की दस्तक के बाद कई दिन तक झमाझम होने की उम्मीद थी, लेकिन बारिश के अगले ही दिन उमस ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। कई इलाकों में लोग जलभराव से परेशान हैं। पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। ये नेता इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने पर अड़े थे। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद भी जब नेता अपनी मांग से पीछे नहीं हटे तो पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। उन्हें पुलिस लाइन ले जाने की तैयारी है। कार्यक्रम की इजाजत नहीं मिलने पर गुस्से में कृष?णा पटेल ने कहा कि अनुप्रिया की गलती माफ करने लायक नहीं है। वह जो वो कर रही हैं मैंने उन?हें ऐसी परवरिश नहीं दी। यह लड़ाई अब घर की नहीं वर्चस्व की हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के बाद से परेशान किया जा रहा। अपना दल के संस्थापक डा.सोनेलाल पटेल की राजनीतिक विरासत को लेकर अनुप्रिया पटेल और बहन पल्लवी पटेल की पार्टियों के बीच एक बार फिर जंग छिड़ गई है। आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दोनों के संगठनों की ओर से प्रस्तावित कार्यक्रम हैं जिन्हें लेकर आरोप-प्रत्यारोप हो रहा है।

## शिवपाल यादव ने सपरिवार लगाई बाबा दरबार में हाजिरी, दर्शन-पूजन के बाद निहारी धाम की भव्यता





प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव शनिवार सुबह वाराणसी पहुंचे। काशी विश्वनाथ धाम में सपरिवार दर्शन-पूजन कर जगत कल्याण की कामना की। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव सपरिवार शनिवार सुबह वाराणसी पहुंचे और बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद बाबा के नव्य-भव्य-दिव्य धाम का अवलोकन किया। मंदिर प्रशासन की ओर से शिवपाल यादव को अंगवस्त्र, रुद्राक्ष की माला और प्रसाद भेंट किया गया।प्रसपा प्रमुख के काशी विश्वनाथ धाम आगमन की सूचना पर कई समर्थक भी पहुंच गए। धाम के गेट नंबर चार पर शिवपाल यादव ने समर्थकों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि प्रसपा प्रमुख निजी दौरे पर वाराणसी पहुंचे हैं।शिवपाल यादव ने काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। उन्होंने ट्वीट किया कि आज सपरिवार श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रीविश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग का पंचामृत से अभिषेक कर पूजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पावन नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ जी के दर्शन-पूजन कर चराचर जगत के कल्याण हेतु कामना की।

## प्रधानमंत्री मनरेगा की गहराई को समझ ही नहीं पाए हैं, राहुल गांधी का पीएम मोदी पर बड़ा हमला



केरल यात्रा के दूसरे दिन भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में मौजूद हैं और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। इस दौरान उन्होंने मनरेगा के कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और उन्हें संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि PA की सरकार ने MGNREGA को संकल्पित, विकसित और लागू किया था। मुझे याद है जब इसका पहली बार उल्लेख किया गया था तब हमें काफी प्रतिरोध का सामना करना पड़ा था। नौकरशाहों, व्यवसायियों ने कहा था कि यह पैसे की बर्बादी है।पीएम को मनरेगा को गहराई से समझने की जरूरत- राहुल गांधी मनरेगा को लेकर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि जब मैंने लोकसभा में प्रधानमंत्री को मनरेगा के खिलाफ बोलते हुए सुना तो मैं चौंक गया था। उन्होंने इसे क्रकी विफलताओं का जीवंत स्मारक बताया था। उन्होंने इसे राजकोष पर एक बोझ बताया था। इससे मुझे एहसास हुआ कि प्रधानमंत्री वास्तव में मनरेगा की गहराई को नहीं समझ पाए हैं। राहुल ने कहा कि मैं कोरोना काल के दौरान देख रहा था जब हजारों की संख्या में लोग बेरोज़गार हुए वहीं मनरेगा ने लोगों को बचाया था। PM ने उस समय मनरेगा पर कोई सवाल नहीं उठाया क्योंकि यह स्पष्ट हुआ जो उन्होंने PA की विफलताओं का जीवंत स्मारक बताया था

उसी चीज़ ने भारत को कोविड के समय बचाया।राहुल गांधी ने शुक्रवार को किसान बैंक का उद्घाटन किया था इससे पहले राहुल गांधी शुक्रवार को मनांथावडी में एक किसान बैंक के भवन का उद्घाटन और सुल्तान बाथेरी में यूडीएफ बहुजन संगमम में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि आज हमारे किसानों और कृषि को नजरअंदाज किया जा रहा है। किसानों को बिना किसी समर्थन के उन्हें उनकी स्थिति पर छोड़ दिया गया है। सरकारों को हमारे किसानों और कृषि की रक्षा के लिए काम करना चाहिए।

## अयोध्या पहुंचे सीएम एकनाथ शिंदे के भक्तों ने की रामलला की जय-जयकार, कहा- भगवान राम ने पूरी कर दी मन्नत



कहते हैं रामलला अपने दरबार आए किसी भक्त को खाली हाथ नहीं लौटाते। यही वजह है कि महाराष्ट्र के नए सीएम एकनाथ शिंदे के समर्थक लगातार रामलला के दरबार पहुंच रहे हैं और उनके दर्शन कर रहे हैं। यही नहीं, एकनाथ शिंदे के समर्थक पटाखे फोड़ रहे हैं और रामलला की जयजयकार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये वही समर्थक हैं जो पिछले दिनों आदित्य ठाकरे के साथ अयोध्या आए थे। इनका कहना है कि जब वो आदित्य ठाकरे के साथ अयोध्या आए थे तो उन्होंने रामलला से मन्नत मांगी थी कि एकनाथ शिंदे सीएम बन जाते हैं तो वो दोबारा रामलला के दर्शनों को लिए अयोध्या आएंगे। इनका कहना है कि रामलला ने इनकी मन्नत पूरी कर दी है इसलिए वो दोबारा रामलला के दर्शनों के लिए आए हैं। अयोध्या पहुंचे एकनाथ शिंदे के समर्थकों के मुताबिक जैसे ही एकनाथ शिंदे के लिए सीएम पद का ऐलान हुआ तो उसी रात वो अयोध्या के लिए निकल पड़े।

उनका कहना है कि जल्द ही एकनाथ शिंदे भी अयोध्या आएंगे और रामलला के साथ-साथ साधू संतों का आशीर्वाद लेंगे। एकनाश शिंदे के समर्थक नितिन वाडेकर ने कहा कि पूरा हिंदू समाज ये चाहता था कि एकनाथ शिंदे सीए बने। बाला साहेब ठाकरे का आशीर्वाद उनके साथ है इसलिए वो महाराष्ट्र के सीएम बने हैं। यही नहीं, रामलला ने भी एकनाथ शिंदे को सीएम बनने का आशीर्वाद दिया है। इसलिए हम लोग यहां आकर दर्शन पूजन कर खुशियां मना रहे हैं।खाकी अखाड़ा के महंत परशुराम दास ने कहा कि आठ से दस दिन पहले ही मैने एकनाथ शिंदे से कहा था कि आप सीएम बनने जा रहे हैं और अब एकनाथ शिंदे कुछ ही दिनों में रामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे।

# अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र की अध्यक्षता में गुरूवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में संचालित उचित मूल्य दर की दुकानों के निलम्बित एवं निरस्तीकरण की जानकारी ली गई। तथा राशन कार्ड सत्यापन की भी समीक्षा की गई।बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मे कुल 09 दुकानें निलम्बित चल रही है, तथा 08 दुकाने निरस्त चल रही है। उन्होने बताया कि 05 विकास खण्डो में से 04 विकास खण्ड जिसमें इकौना की सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार राशनकार्ड सत्यापन में 1164 कार्डधारक आपात्र



पाये गये तथा 2870 कार्डधारको द्वारा स्वयं अपना राशनकार्ड समर्पण किया जा चुका है। बैठक में उपजिलाधिकारी इकौना द्वारा राशनकार्ड सत्यापन रिपोर्ट न दिये जाने पर अपर जिलाधिकारी द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने किया।इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पलिका परिषद भिनगा अजय आर्या, जिला महामंत्री पुरूषोत्तम कौशल, उपाध्यक्ष पूजा पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# स्मार्ट क्लास संचालन हेतु शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- ऑपरेशन सक्षम के अंतर्गत जनपद के चयनित परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का स्मार्ट क्लास संचालन हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण दो बैचों मे विकास भवन सभागार मे बेसिक शिक्षा विभाग व शिक्षा इनीशिएटिव शिव नाडर फाउंडेशन के तत्वाधान में किया गया। प्रशिक्षण में जनपद के हरिहरपुररानी, जमुनहा, सिरसिया, इकौना और गिलौला विकास खंडों 35 प्राइमरी व संविलियन विद्यालयों के 70 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। आईसीटी क्लास पर आधारित प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है, परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की क्षमता वृद्धि ,बच्चों को पठन दृपाठन की स्मार्ट/डिजिटल सुविधा मिले। इससे परिषदीय प्राइमरी विद्यालयों के बच्चों अधिगम में वृद्धि होगी। शिक्षा शास्त्र के सिद्धांतों, पाठ्य योजना व शिक्षण योजना के अनुसार कक्षा संचालन कर सकें। इस प्रशिक्षण के परिणाम स्वरूप अध्यापक कम्पुटर डिवाइस/स्मार्ट बोर्ड से कक्षाएं चलाकर करके, पठन दृपाठन में सुधार कर सकेंगे। सूचना संचार तकनीकी की मदद से हम सीखने के तरीके को आसान बना सकते है। यह उल्लेखनीय कार्य शिक्षा इनीशिएटिव शिव नाडर फाउंडेशन बहुत अच्छे से किया द्य अब बेसिक शिक्षा परिषद की पाठ्य विषयों को कार्टून के माध्यम से पढ़ाया जाएगा। जिससे बच्चे सजीव रूप मे वस्तुओं को देख पाएंगे इससे उनके अधिगम स्तर मे बहुत जल्दी सुधार हो सकेगा। शिक्षा के सिद्धान्त अनुसार जब हम



चीजों को सजीव देखते है तो वह हम ज्यादा समय तक याद रख पाते है। ट्रेनिंग समापन के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि जनपद के विभिन्न ब्लाकों में आपरेशन सक्षम के अंतर्गत स्मार्ट क्लास संचालन एवं अनुश्रवण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण किया जा रहा है। जनपद में पंचायत भवन और परिषदीय विद्यालय के परिसर में 25 स्मार्ट रिसोर्स सेंटर निर्मित और विकसित किए गए है।

स्मार्ट सेंटर्स का मुख्य उद्देश्य है कि उस गाँव के बच्चों को पठन-पाठन कि सुविधा मिले, प्राइमरी के बच्चों के अधिगम में वृद्धि होगी और युवा/युवतियाँ वहाँ कौशल विकास का प्रशिक्षण भी ले सकें और रोजगार से जुड़ सकें। यह स्मार्ट रिसोर्स सेंटर सूचना संचार तकनीकी उपकरणों प्रोजेक्टर, लैपटॉप, स्मार्ट पैनल, वाई-फ़ाई कनेक्टिविटी से लैस होंगे। जिससे पूरे क्षेत्र के स्कूल बच्चे और युवा लाभान्वित होंगे। शिक्षक समय सारणी के आधार पर अपने बच्चों को सुधारात्मक शिक्षण स्मार्ट कक्षाओं के द्वारा करायेंगे तथा शाम की वयष्कों हेतु साक्षारता कक्षाएं चलायी जाएंगी। परिणाम स्वरूप जनपद में बच्चों के पठन-पाठन में सुधार होगा। वयष्क साक्षर होंगे व रोजगार से जुड़ सकेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान ने अपने उदबोधन मे कहा कि शिक्षा में सूचना, संचार तकनीकी से सीखने के नए-नए तरीके प्रतिदिन विकसित हो रहे है। इन सभी तरीकों व आईटी उपकरणों का संचालन व उपयोग सीखकर हमारे सभी शिक्षकों को सक्षम बनाना होगा तभी हम नयी-नयी तकनीकियों से बच्चों को सीखाने में सक्षम होंगे।

शिक्षण में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों व न्याय पंचायतों के 35 प्राथमिक/संविलियन विद्यालयों के 70 शिक्षक/शिक्षिकाएँ सहभाग करके आईसीटी के माध्यम से कक्षा संचालन सीख रहे है।

इस अवसर पर शिक्षा इनीशिएटिव शिव नाडर फाउंडेशन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर मनोज निषाद, डिवीज़नल कोऑर्डिनेटर दीनानाथ त्रिपाठी, प्रशिक्षक अरविन्द कुमार पाल, कु0 नंदिनी, श्रेया द्वारा इस डिजिटल/एनिमेटेड कांटेंट को सुगमतापूर्वक चलाये जाने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

# प्राथमिक विद्यालय में लापरवाही को लेकर फूटा अभिभावकों का गुस्सा विद्यालय के गेट पर डाला ताला




लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- जहां एक ओर सर्व शिक्षा अभियान के तहत बच्चों को पढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं मौजूदा सरकार के द्वारा बच्चों की पढ़ाई को लेकर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं खान-पान से लेकर उनकी ड्रेस तक मुफ्त में दी जा रही है वहीं सरकारी अध्यापकों के द्वारा हर रोज लापरवाही का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है यही कारण है आज गुस्साए ग्रामीणों के द्वारा अध्यापकों की लापरवाही को लेकर आक्रोश व्याप्त हो उठा प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के द्वारा विद्यालय के गेट पर ताला जड़ दिया उसके बाद ग्रामीणों के द्वारा जमकर प्रदर्शन किया अलीगढ़ के विजयगढ़ थाना इलाके के प्राथमिक विद्यालय गोकुलपुर ब्लॉक धनीपुर का है

जहां पर हर रोज स्टाफ के द्वारा आपस में झगड़ा किया जाता है तो बच्चों के एमडीएम के खाने में भी बड़ी लापरवाही रोज देखने को मिलती है आज भी जब प्राथमिक विद्यालय का स्टाफ लेट आया तो बच्चों के द्वारा यह बात अपने परिजनों को बताई गई जिसके बाद प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर जमकर प्रदर्शन किया और प्राथमिक विद्यालय पर अभिभावकों के द्वारा ताला डाल दिया

# धनीपुर जूनियर हाई स्कूल में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ने किया वृक्षारोपण

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने जूनियर हाई स्कूल धनीपुर मैं वृक्षारोपण किया पपीता आंवले के पेड़ लगाए उनके साथ किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष सुशील भारद्वाज महानगर उपाध्यक्ष विनोद कुमार यादव मंडल अध्यक्ष विष्णुपुरी किसान मोर्चा दीपक सिंह रघुवीर पुरी मंडल की उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रतिमा शर्मा एवं स्कूल का समस्त स्टाफ वृक्षारोपण के समय उपस्थित रहा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि पेड़ पौधों से लोगों को ऑक्सीजन मिलती है पर्यावरण शुद्ध होता है और बीमारी भी कम होती है क्षेत्र के हर नागरिक को हर व्यक्ति को वृक्षारोपण पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए करना चाहिए भाजपा



किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने मौजूद उपस्थिति स्कूल के स्टाफ का आभार व्यक्त किया वृक्षारोपण में स्कूल के मुख्य भूमिका रही भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने हाई स्कूल में वृक्षारोपण करने का निर्णय लिया है जिससे के पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को बच्चों को पर्यावरण शुद्ध मिले ऑक्सीजन शुद्ध मिले

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष मनोनीत होने की सफल वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर केक काटकर 1 वर्ष की सफलता के लिए जश्न मनाया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-जिला कांग्रेस कमेटी गंज बाजार कार्यालय पर श्री असलम खुर्शीद जिला अध्यक्ष मनोनीत होने की सफल वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर केक काटकर 1 वर्ष की सफलता के लिए जश्न मनाया। सफलता के 1 वर्ष में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के आह्वान के कार्यक्रम और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान कार्यक्रम श्री असलम खुर्शीद की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। जिले के इस वर्षगांठ जश्न में सभी ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित रहे जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे सभी ने बधाई देते हुए कहा जैसे महानगर अध्यक्ष पद पर लंबे समय श्री असलम खुर्शीद ने महानगर अध्यक्ष लंबा समय का रिकॉर्ड बनाया है इसी प्रकार जिलाध्यक्ष पद का भी सफलतापूर्वक लंबा समय की कामना की। वर्षगांठ जश्न मैं अनूप दुबे शकील चौधरी गयूर अंसारी मौहतसिंम मुख्तार,जिला कांग्रेस कमेटी अल्प संख्यक विभाग के चेयरमैन अफजल साबरी, राजेंद्र वाल्मीकि ,जाकिर हुसैन डिलारी ब्लॉक अध्यक्ष, नरेंद्र पाल सिंह मुंडा पांडे ब्लॉक अध्यक्ष, अतीक अहमद भगतपुर ब्लॉक अध्यक्ष, वसीम अहमद ठाकुरद्वारा ब्लॉक अध्यक्ष, ठाकुर जयप्रकाश ब्लॉक अध्यक्ष छजलेट, शकील सदर ब्लॉक अध्यक्ष राहत अंसारी ब्लॉक अध्यक्ष बिलारी,दाऊद खान कुंदरकी ब्लाक अध्यक्ष चौहान मोहम्मद आमिर उर्फ नाजिम असलम असलम खुर्शीद जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद राजेंद्र बाल्मीकि जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद

www.knlslive.com

# वन महोत्सव कार्यक्रम के अर्न्तगत जिलाधिकारी-एसएसपी व मुख्य विकास अधिकारी ने किया वृक्षारोपण


मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-वन महोत्सव कार्यक्रम के अर्न्तगत 01 जुलाई से 07 जुलाई तक मनाये जा रहे 35 करोड़ वृक्षारोपण जनआन्दोलन 2022 का आयोजन जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सदर तहसील मुरादाबाद किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ ही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनन्द वर्धन, डीएफओ श्री सूरज, उपजिलाधिकारी सदर श्री प्रशान्त तिवारी, क्षेत्रीय वनाधिकारी श्री एसएस रावत, तहसीलदार सदर नितिन तेवतिया द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया

# डिलारी क्षैत्र के गांव जमशेदपुर में दो घरों से जेवर-नगदी समेत लाखों की चोरी

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-डिलारी- थाना क्षेत्र के एक ही गांव में दो घरों में नगदी व जेवर समेत लाखों की चोरी हो गई, जबकि अन्य दो घरों में चोरी का प्रयास असफल रहा। घटना थाना क्षेत्र के गांव जमशेदपुर की है। यहां के निवासी कमल सिंह के मकान में घर के पीछे से छत के रास्ते घर में घुसे चोर लगभग 5 लाख का जेवर, 6500 की नकदी उड़ा ले गए। इसी गांव में सग्गन सिंह के घर के पीछे से छत के रास्ते घुसे चोरों ने पांच हजार की नगदी, जेवर, बर्तन और कपड़े सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। जबकि दो के घर में चोरी का प्रयास किया गया लेकिन परिवार जन के जग जाने के कारण चोर अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया ।वही डिलारी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है, जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। उन्होंने कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वय करें, पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वयं अथवा यथावाश्यक टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गम्भीर एवं अतिसंवेदनशील मामलों का निस्तारण संबंधित उपजिलाधिकारी अथवा तहसीलदार द्वारा स्वयं यथावश्यक टैऊक्टर व जे0सी0बी0 मशीन का प्रयोग कर किया जाये और इन उपकरणों एवं मशीन के प्रयोग पर होने वाले व्यय सुसंगत नियमों के अर्न्तगत अथवा अवैध कब्जेदार से वसूला जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में से कम से कम 5 महत्वपूर्ण तथा संवेदनशील शिकायतों को चिन्हित कर उनके निस्तारण हेतु मौके पर भेजकर उसी दिन निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये। आज तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगभग 29 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने विद्युत, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग अन्य विभागों की शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजने के निर्देश देते हुए शिकायतें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी के निर्देशानुसार शिकायतें संबंधित विभागीय अधिकारियों को निश्चित समय सीमान्तर्गत निस्तारण करने के निर्देश के साथ सन्दर्भित की गयी। जिलाधिकारी ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर उपजिलाधिकारी को शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवादों एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर जनशिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमन्त कुटियाल, मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन, उपजिलाधिकारी सदर प्रशान्त तिवारी, तहसीलदार सदर नितिन तेवतिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, डिप्टी कलेक्टर निखित यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Advice in reprimand

The strong opinion of the Supreme Court of the country on Nupur Sharma is remarkable and exemplary. In the light of this opinion or reprimand, the governments should take further action. Only immediate action on any controversial or incitement to violence will stop the growing trend of misrepresentation. The Supreme Court has clearly indicated that Nupur should publicly apologize to the nation on TV and it is because of her statement that the country is on fire. Not only this, the court also accepted in gestures that Nupur's statement was also responsible for the ruthless incident in Udaipur. The question also arose as to why action was not taken against him despite so many complaints. Cases are being registered against him all over the country, so he is trying to put all the cases in one place, so that the trial goes in one place, but the Supreme Court has returned his petition in a way, due to the displeasure of the court. level can be understood. Now Nupur will have to go to the High Court. Maybe they will get relief there, but their troubles are not going to reduce yet. It is perhaps the intention of the Supreme Court that the accused should tender an unconditional apology with complete clarity. Apologize to the country, because his statement has insulted the country and not only caused trouble to the people, but also lost a life. Now those who maintain law and order should also be careful. Everyone should be active to improve the environment. If it seems that it needs investigation, if it is to get to the bottom of the debate, if it is to see who instigated whom, who started such sad discussions, then the agencies concerned have to act quickly. Communalism can never be justified and sooner or later we have to see who is spreading communalism, who is promoting bigotry or violence in the society.“ However, even at the court level one has to proceed with caution. Keep in mind, after the rebuke of the Supreme Court, a petition has been filed in the court, in which there has been a demand to withdraw the remark made for Nupur Sharma during the hearing in the court. It has been told that Nupur is in danger of life. No doubt, this menace must be investigated, Nupur's safety must be ensured. For this it is necessary that the law should act swiftly, justice is seen to be done, so that no one dares to take the law into their own hands. Shouldn't a message from the governments also go to the people that those who take law in their own hands are not well? If people are taking the law into their own hands, then its direct or indirect message is that their faith is waning. Still most of the people are those who have sixteen anana faith in the country and its system, but whose faith has been shaken or those who want to play with the law, the hand of the law should reach them. There are enough laws in the country to stop communalism or communal remarks. The country does not move forward with such comments, we need debates to take the country forward, for this everyone will have to create a conducive environment together.

## Diya Aur Baati Hum actress Surbhi filed a complaint of domestic violence against her husband, saying – I have been cheated


TV actress Surbhi Tiwari who has worked in many shows like Shree Ganesh, Shikwah, Shagun, Hi Mirchi Lal Mirchi, Diya and Baati Hum has filed a complaint against her hus- band. Surbhi's husband is Praveen Kumar Sinha, a business- man and pilot. Surbhi has filed a complaint against her hus- band as well as her mother-in-law and sister-in-law. The ac- tress has filed a case of domestic violence against all three. Please tell that Surbhi married Praveen in the year 2019 and now both want to get divorced. Talking about this, Surabhi said, after marriage, I came to know that there can be no relation between me and her. He didn't deserve me. Praveen had earlier said that he would shift to Mumbai with me, but later he refused. Praveen did not want to start a family- Surabhi while talking to Times of India said, 'I wanted to do acting even after marriage. But this could not have happened in Delhi. I again became financially dependent on them and I would have to struggle for money. I wanted to do our family



planning, but Praveen refused about the baby. Found cheating- Surbhi further said, 'I have filed a case of domestic violence against Prani, her mother and sister-in-law. Till now I have not received my jewelery and whatever was related to me which was given in marriage. If I had, I would not have had to sell some of my jewelry to meet my medical expenses and live. I have been cheated. After all this, I was deciding to part ways with him, but Praveen said that he would not divorce me and I would go to court. I have now thought that I will continue my fight with them in a legal way. I will soon file an application for divorce. Let us tell you that Subhi was last seen in Sony TV's show Ek Rishta Partnership Ka. Surbhi entered the TV industry in the year 1997. His first show was Ghar Jamai.

## How did Rashmika Mandanna get work in Ranbir Kapoor's 'Animal'? Have a special connection with 'Pushpa The Rise'

Ranbir Kapoor's film Animal Announcement has been in the news ever since. Rashmika Mandanna will be seen working opposite Ranbir Kapoor in the film. The film is being directed by Sandeep Vanga Reddy and Arjun Reddy will also be seen playing an important role in this film. But do you know how South's superstar Rashmika Mandanna got work in Ranbir Kapoor's film? This is how she got work in Animal - In a recent interview, Rashmika Mandanna herself told that due to her blockbuster film 'Pushpa - The Rise' She got a chance to work in Ranbir Kapoor's film Animal. In a conversation with news agency IANS, Rashmika Mandanna said, 'Animal's makers approached me after seeing my performance in Pushpa.' Will be seen in a different avatar - Rashmika Mandanna said, 'I did not delay even a moment to say yes to the film because I knew that the public would enjoy seeing a completely different side of me.' It is known that Rashmika Mandanna acted opposite Allu Arjun in the film Pushpa The Rise. In this film, he played the role of Srivalli. Fans are waiting for Pushpa The Rule - The film Pushpa The Rise was a blockbuster hit and now the fans are eagerly waiting for the second part of this film. At the end of the first part of the film, Srivalli and Pushparaj get married but at the same time he develops enmity with a man who puts his life in danger.



# पंडों महिला को जुडवा बच्चे हुये,एक की हुई मौत, एक का मरने के इंतजार में, जिले की स्वास्थ व्यवस्था का हाल

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दुरस्थ क्षेत्र कोल्हुआ में पंडो जनजाति महिला को जुड़वा बच्चे होने के बाद एक नवजात की हुई मौत तो वही एक नवजात की होने को है. जिसका परिजन इंतजार कर रहे है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कोल्हुआ गांव की रहने वाली पंडो जनजाति की जयकुवंर 28 वर्ष को प्रसव पीडा होने पर उसे स्वास्थ केन्द्र बिहारपुर लाया गया जहा पर उसने दो बच्चे को जन्म दिया. नवजातो की



गंभीर स्थिति को देखते उसे मध्यप्रदेश के बैढन के लिये रेफर कर दिया. गरीब लाचार परिजन 108 वाहन से बैढन जिला अस्पताल पहुचे उपचार के दौरान शुक्रवार को एक नवजात की मौत हो गई. अस्पताल कर्मियो ने दुसरे नवजात को बचाने की संभावना से इंकार करते हुये प्रसुता को अपने घर जाने की सलाह देकर अस्पताल से छुटटी कर दिया. मजुबर जयकुवंर के परिजन आज अपने एक मृत तो एक मौत के मुह में पडे नवजात को लेकर कोल्हुआ गांव पहुचे गये और परिजनो ने मृत बच्चे को दफना दिया है तो वही दुसरे अति गंभीर कमजोर नवजात का मौत का इंतजार कर रहे है. ये रही छ0ग0 सरकार की स्वास्थ सुविधा जहा पर नवजात कुपोषित बच्चो को समुचित उपचार तक नही मिल रहा.

जबकि कागजो में दावे है लेकिन जमीन हकीकत कुछ और ही है. कार्ड नही मिला जयकुवंर ने बताया जब वह गर्भवती हुई तो उसे टीका लगाया गया इस दौरान उसका कार्ड भी बनाया गया लेकिन उसे आंगनबाडी कार्यकर्ता ने नही दिया अपने पास ही रख ली है. बच्चा अति कमजोर हुआ. इसकी क्या वजह थी और क्या रही.. यह किसी से छिपा नही. सबसे बड़ा सवाल यह है यह सब कब तक चलता रहेगा गर्भवती माताओ का पोषण आहार को कौन खा रहा. कब तक नवजातो की मौत होते रहेगी और परिजन मौत का इंतजार करते रहेगे...? पंडों महिला को जुड़वा बच्चे हुये एक की हुई मौत एक का मरने के इंतजार में जिले की स्वास्थ

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जसरथपुर पुलिस द्वारा एक अभियुक्त अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदयशंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अलीगंज के नेतृत्व में थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्रों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त रंजीत उर्फ छोटे पुत्र जुगेन्द सिंह निवासी ग्राम बरना फतेहपुर थाना जैथरा जनपद को समय करीब 07.20 बजे मुखबिर की सूचना पर बमरौली तिराहा थाना जसरथपुर से एक अवैध तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना जसरथपुर पर मु0अ0स0 69/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से वैधानिक कार्यवाही की

# जेल में मादक पदार्थो की तस्करी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


एटा-उत्तर प्रदेश के जनपद एटा जिला जेल में अरमान स्मैक की खेप ले जाते पकडा सूत्रों के हवाले से निकल कर आ रही है, उत्तर प्रदेश के जनपद एटा में मादक पदार्थो की तस्करों को जेल भेजो अभियान जोरों पर रहा है, उदय शंकर सिंह बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पैट्रोलिंग करके कानून व्यवस्था को मजबूत किया है, इलाका पुलिस सोती रहेगी, ये कभी सोचा नही था,वावू गंज निवासी अरमान मादक पदार्थ में स्मैक एटा जिला जेल में बंद बंदी निखिल सक्सेना उर्फ चिंटू जो मादक पदार्थो की अबैध विक्री में कोतवाली नगर पुलिस ने जेल भेजे को सप्लाई देने पहुच गया, एटा जिले की जेल के अधीक्षक अमित चौधरी ने जेल में चैकिंग तीन लेजर तकनीक से कराते





है, पहली लेजर को मात दे कर अरमान मादक पदार्थ तस्कर स्मैक लेकर जेल के दरवाजे के भीतर हो गया था, अरमान के होसले बुलंद थे, जिला जेल प्रशासन भी कम न था, दूसरी लेजर तकनीक की चैकिंग अभियान में तस्कर अरमान मादक पदार्थ के सामने स्मैक बरामद कर लिया गया, कोतवाली नगर में पुलिस को डिप्टी जेलर ने स्वद्धक्रदर्ज कराई और अरमान मादक पदार्थ तस्करी के माल के साथ पुलिस को सौंप है

# 5 दिन पूर्व हुए विवाद मामले में पुर्व प्रधान की मौत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा के जलेसर थाना के गांव पुनहैरा गाव में 5 दिन पूर्व हुए विवाद मामले में पुर्व प्रधान की मौत, जमीनी विवाद मे हुआ था दो पक्षों में विवाद, विवाद के दौरान घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान 5 दिन बाद हुई मौत, आक्रोशित लोगों ने मृतक का शव आवागढ़-जलेसर मार्ग पर शव रखकर घँटों तक लगाया जाम, आवागढ़ के जलेसर रोड को किया कई घँटों तक जाम, सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंचे जिले के डीएम और एसएसपी, पुलिस ने दूसरी पक्ष के 5 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा था जेल।

# जुआ खेलते 5 जुआरियों को ताश के पत्तों एवं नगदी सहित किया गया गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जुआरियों व सटोरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मारहरा पुलिस द्वारा 5 जुआरियों को 52 ताश पत्तों व 3500 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है। घटनाक्रमानुसार दिनांक 30 जून 2022 को समय करीब 19:30 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना मारहरा पुलिस द्वारा 5 जुआरियों को 52 ताश पत्तों व 3500 रुपये सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है । गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त नौसाद पुत्र नौसे निवासी मौ बस्ती थाना मारहरा एटा राजू पुत्र राजपाल निवासी मौ0 बस्ती थाना मारहरा एटा टिंकू पुत्र हरीशंकर निवासी मौ बस्ती थाना मारहरा एटा चन्द्रप्रकाश पुत्र मुन्नालाल निवासी मौ कायस्थान थाना मारहरा एटा भीमसैन पुत्र डालचन्द निवासी चदउआ थाना पाली जनपद अलीगढ बरामदगी 3500 रुपये व 52 ताश के पत्ते।

# लोकप्रिय सांसद सतीश गौतम जी के 50 वे जन्म दिवस के उपलक्ष में जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अलीगढ के लोकप्रिय सांसद सतीश गौतम जी के 50 वे जन्म दिवस के उपलक्ष में सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तर प्रदेश के सभी पदाधिकारियों ने जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जन्म दिवस के उपलक्ष में संगठन के प्रदेश महासचिव अरविंद पंडित ने सभी पदाधिकारियों के साथ माननीय सांसद जी का उत्तरीय पहना ,माला पहनाकर ,अभिनंदन किया साथ ही सभी पदाधिकारियों ने सांसद महोदय के साथ केक काटकर उनके लंबी आयु की एवं अधिक लोकप्रियता के लिए ईश्वर से कामना करी,

इस अवसर पर अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा ,विष्णु शर्मा सचिन शर्मा, बृजेंद्र शर्मा, योगेंद्र गौड,

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओडगी श्री जय प्रकाश साय के सेवा निवृत्ति विदाई समारोह हेतु गाजे बाजे के साथ निकला जूलूस

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर ओडगी- विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओडगी के पद पर पदस्थ लोकप्रिय व कर्तव्यनिष्ठ शिक्षा अधिकारी श्री जयप्रकाश साय अपने शासकीय सेवा काल पूर्ण कर 30जून को सेवा निवृत्त हुए , उनके सेवा निवृत्ति के अवसर पर मां बागेश्वरी देवी स्थल कुदरगढ मे विख के शिक्षकों द्वारा भव्य विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया , जिसमे विख कार्यालय से फूल माला पहनाकर ढोल नगाड़े के साथ जूलूस के रूप में कुदरगढ के लिए प्रस्थान किए, उनके पदीय कर्तव्य निष्ठा व मिलनसार व्यक्तित्व तथा लोक प्रियता के कारण उनके सम्मान में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी ,ग्रामीणों का भीड को देखते हुए कुछ दूरी तक पैदल चलकर उनका अभिवादन नम आखों से स्वीकार किए, तथा कुदरगढी माता का पूजा अर्चना के साथ विदाई सम्मान समारोह मे शामिल हुए , जिसमे उनका फूल माला श्रीफल से सम्मानित करते हुए अभिनंदन पत्र के साथ स्मृति चिन्ह व उपहार सामग्री प्रदान किया गया, वहीं सेवा निवृत्त शिक्षकों मे श्री त्रिवेणी सिंह, श्री जेठू सिंह, व श्री दुर्गा सिंह को भी सम्मानित किया गया, इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने उनके सहज व मिलनसार व्यक्तित्व व कर्तव्यनिष्ठा का भूरी भूरी प्रसंशा किए तथा विदाई की बात से सभी भावुक हो उठे, वक्ताओं ने अपने उद्बोधन मे कहा कि ओडगी मे लंबे समय तक निर्विवाद रूप से सेवा देने वाले आज तक के पहले ऐसे शिक्षा अधिकारी थे जो सभी से समन्वय बनाकर सहज ढंग से कार्य किए, यदि सेवा निवृत्ति नही होता तो आगे भी इस पद पर लंबे समय तक बने रहते , अपने उद्बोधन मे श्री जेपी साय ने उपस्थित सभी लोगों का इस सम्मान हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मै शासकीय सेवा से निवृत्त हो रहा हूँ, फिर भी आप सभी के बीच रहूँगा,

विदाई समारोह मे इतनी बडी भीड को उन्होंने अपना अमूल्य संपत्ति बताया , कार्यक्रम मे श्री जयप्रकाश साय विख शिक्षा अधिकारी ओडगी व उनकी धर्म पत्नी के आलावा मुख्य रूप से श्री अवधेश गुर्जर, श्री संजय यादव , श्री राजेन्द्र यादव , श्री प्रदीप द्विवेदी , श्री लवकेश गुर्जर, श्री शशांक प्रताप सिंह, श्री अरूण सिंह, श्री त्रिवेणी सिंह, जेठू सिंह, दुर्गा सिंह, श्री नरेन्द्र दुबे विख स्त्रोत समन्वयक ओडगी, सहित काफी संख्या मे स्थानीय जनप्रतिनिधि , पत्रकार, ग्रामीण जन, संकुल प्राचार्य, समन्वयक तथा काफी संख्या मे शिक्षक-शिक्षिकाएं, लिपिक व अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे

# उदयपुर राजस्थान की घटना को लेकर बिहारपुर में भी दुकानें बंद




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -बिहारपुर- जयपुर राजस्थान में असामाजिक तत्वों ने कन्हैया लाल दर्जी के दुकान में घुसकर निर्मम हत्या कर दी जिसे लेकर पूरे देश में आक्रोश है जेहादी मानसिकता बढ़ रही है ऐसा पुनरावृति न हो इसलिए बंद किया गया इस अमानवीय कृत्य को लेकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल छत्तीसगढ़ के साथ भाजपा नेताओं के द्वारा बिहारपुर में दुकानदारों को बंद का आह्वान करने पर सभी दुकानें बंद कर सहयोग दिया गया । भाजपा मंडल महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा - कांग्रेस शासित राज्यों में कांग्रेस सरकार की विफलता है जबकि कन्हैया लाल दर्जी द्वारा पहले रिपोर्ट की गई थी पुलिस कार्यवाही करती तो इस कृत्य का अंजाम नहीं दिया जाता वहीं छत्तीसगढ़ में भी धर्मांतरण जोर शोर से चल रही है।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता हंसेलाल जायसवाल भाजयुमो जिला सह प्रभारी मुकेश कुमार भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष पुनित पाठक महामंत्री बीपी जायसवाल ब्यापार प्रकोष्ट मण्डल संयोजक देवेन्द्र कुमार गुप्ता मिडिया प्रभारी लालमन सिंह सुरेन्द्र पुरी रामप्रताप विश्वकर्मा नवनीत जायसवाल लल्लूपुरी दीपक गुप्ता हरिओम सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चोरी की मोटर सायकल सहित 1 गिरफ्तार, चौकी सलका पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर -ग्राम बकालो निवासी दिनेश दास महंत ने चौकी सलका में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 09.01.2022 को नाईट ड्यूटी में ग्राम तारकेश्वरपुर रेलवे स्टेशन में अपना होण्डा साईन मोटर सायकल को खड़ा कर पेट्रोलिंग के लिए गया था वापस आया तो देखा कि मोटर सायकल वहां नहीं है कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल को चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में चौकी सलका की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर संदेही शिवप्रकाश निवासी करोंदी, खुटरापारा थाना उदयपुर को पकड़ा, पूछताछ पर उसने मोटर सायकल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के निशानदेही पर चोरी की मोटर सायकल जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी सलका देवनाथ चौधरी, आरक्षक राकेश सिंह, विक्रम सिंह, सुरेन्द्र सिंह व गजेन्द्र सोनवानी सक्रिय रहे।

# रेंजर पर लगा गैंग रेप का आरोप,थाने में की शिकायत,रेंजर ने बताया लकडी तस्करी का है मामला

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर - सूरजपुर. गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र महुली में कुछ भी ठीक नही चल रहा है यहा पदस्थ रेंजर सहित 3 अधिकारियों पर गैंग रेप करने का मामला सामाने आया है. पिडित ने चांदनी पुलिस सहित सरगुजा आईजी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई. तो वही रेंजर ने इसे लकडी तस्करी से जुडा हुआ बताया. गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान परिक्षेत्र महुली कार्यालय में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी इन दिनों सुर्खियों में छाये हुये है उद्यान का एक कर्मचारी पत्नी संग मानव तस्करी के आरोप में जेल में है तो वही उद्यान के रेंजर पर गांव की महिला ने गैंग रेप का आरोप लगाया है. महुली क्षेत्र में बंटी और बबली गैंग का आतंक है यह गैग उद्यान क्षेत्र के बहुमुल्य लकडी को कटवाकर एमपी सीमा भेजने का काम करते है अगर इनके रास्ते कोई आ गया तो उस पर हावी हो जाते है कुछ भी करने से परहेज नही करते. उद्यान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले दिनो लकडी तस्करी की सुचना पर कर्मचारियों ने रविशंकर व एक अन्य को 4 नग लकडी की सिल्ली लोड मोटर सायकल को पकड़ा और शोर गुल सुनकर ग्रामीण पहुचकर कर्मचारियों की धुनाई कर दिये. मारपीट में बताया गया की उद्यान कर्मचारियों को चोट आई और उनके वर्दी को फाड दिये व मोबाईल लुट लिया गया. पुरे मामले की शिकायत आहत उद्यान कर्मी ने चांदनी थाना करने पर पुलिस ने रविशंकर जायसवाल, बिन्दु, सुबेदार, सुबेदार पर धारा 186,294, 323, 332, 34, 353,392,506 के तहत अपराध दर्ज किया है.

## गैंग रेप का आरोप

इस पुरे मामले गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान महुली परिक्षेत्र के प्रभारी रेंजर श्रीवास्तव पर गांव की महिला ने गैंग रेप का आरोप लगाया है. पुरे मामले की शिकायत चांदनी थाना सहित सरगुजा आईजी की गई है. पिडिता ने बताया कि वह अपने भूमि पर डोरी बिन रही थी तभी उद्यान में काम करने वाले 3 अस्थाई कर्मचारी आये और उसे जबरदस्ती मुह में कपडा लपेट कर जंगल ले गये जहा पर रेंजर सहित तीन पहले से थे. वहा पर छोड दिये और ये तीनो ने उसे जंगल के अंदर ले जाकर बलात्कार कर उसे बोलेरो गाडी में बैठा कर ले जाने का प्रयास किये. शोर मचाने पर मारपीट करने वहा पर ग्रामीण जमा हो गये और उसे छोड दिया गया. दुसरे दिन पिडिता चांदनी थाने पहुचकर शिकायत की है फिलहाल पुलिस ने अभी तक किसी तरह की कोई कार्यवाही नही की है. बहरहाल पिडिता ने अपराध दर्ज नही करने पर आत्मदाह करने की बात कही है.

## बेबुनियाद आरोप है-रेंजर

इस पुरे मामले में उद्यान परिक्षेत्र महुली के रेंजर ने बताया कि जो भी आरोप लगाये जा रहे है वह निराधार है लकड़ी तस्करी से जुड़ा है पुरा मामला जिस पर अपराध भी दर्ज है.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com